# मराठा आरक्षण में प्रगति

हाल ही में महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा मराठा समुदाय की आरक्षण की मांग की प्रतिक्रिया स्वरूप जाति प्रमाण पत्र **नियमों में संशोधन** का प्रस्ताव करते हुए एक गजट अधिसूचना जारी की है।

- इसका उद्देश्य **मराठों हेतु कुनबी OBC प्रमाणन के दायरे को आसान बनाना और विस्तारित करना** है, जिससे सरकारी नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों तक उनकी पहुँच हो सके।
- राज्य ने **महाराष्ट्र अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विशेष पिछड़ा वर्ग (जारी करने और सत्यापन का विनियमन) जाति प्रमाण पत्र नियम, 2012** में **सेज-सोयरे' (अर्थात वंशक्रम से संबंधित)** शब्द जोड़कर संशोधन करने का प्रस्ताव किया है।
    - इसका तात्पर्य यह है कि जिनके पास कुनबी प्रमाणपत्र है, उनके पूरे वंश को कुनबी प्रमाणपत्र मिलेगा।

**और पढ़ें:** मराठा कोटा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maratha-reservation-progress